भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न संख्या **3171**

जिसका उत्तर शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024/22 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है।

**यूरिया का उत्पादन**

**3171. श्री उज्जवल रमण सिंह:**

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2023-24 में देश में उत्पादित यूरिया की कुल मात्रा कितनी है;
(ख) विगत तीन वर्षों में उत्तर प्रदेश विशेषकर प्रयागराज संसदीय क्षेत्र में आपूर्ति की गई यूरिया की कुल मात्रा कितनी है;
(ग) उत्तर प्रदेश में मुख्यत: कृषि मौसम के दौरान यूरिया की कमी के क्या कारण हैं;
(घ) देश में यूरिया का उत्पादन करने वाली सरकारी एवं निजी कम्पनियों का ब्यौरा क्या है;
(ड.) क्या यूरिया उत्पादन के क्षेत्र में नई कम्पनियां आई हैं; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

---

**(क) से (घ)**: वर्ष 2023-24 में देश में उत्पादित यूरिया की कुल मात्रा 314.09 एलएमटी रही। पिछले तीन वर्षों, खरीफ 2024 और चालू रबी 2024-25 मौसमों में उत्तर प्रदेश में यूरिया की आवश्यकता, उपलब्धता, बिक्री और अंतिम स्टॉक का विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है। इसके अलावा, राज्य में जिला स्तर पर उर्वरकों का वितरण राज्य सरकार के कार्य क्षेत्र में आता है। वर्तमान में, देश में 36 यूरिया उत्पादन इकाइयां हैं और इन इकाइयों का ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

**(ड.)** से **(च)**: यूरिया के संबंध में, सरकार ने यूरिया क्षेत्र में नए निवेश को सुविधाजनक बनाने और यूरिया क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 2 जनवरी, 2013 को नई निवेश नीति (एनआईपी)-2012 की घोषणा की और 7 अक्टूबर, 2014 को इसमें संशोधन किया। एनआईपी-2012 के तहत कुल 6 नई यूरिया इकाइयां स्थापित की गई हैं जिनमें नामित सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों की संयुक्त उद्यम कंपनियों (जेवीसी) के माध्यम से स्थापित 4 यूरिया इकाइयां और निजी कंपनियों द्वारा स्थापित 2 यूरिया इकाइयां शामिल हैं। तेलंगाना में रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (आरएफसीएल)

की रामागुण्डम यूरिया इकाई तथा हिंदुस्तान उर्वरक एंड रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) की 3 यूरिया इकाइयां नामत: गोरखपुर, सिंदरी और बरौनी क्रमश: उत्तर प्रदेश, झारखंड और बिहार में जेवीसी के माध्यम से स्थापित इकाइयां हैं। पश्चिम बंगाल में मैटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (मैटिक्स) की पानागढ़ यूरिया इकाई; और राजस्थान में चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (सीएफसीएल) की गड़ेपान-III यूरिया इकाई निजी कंपनियों द्वारा स्थापित हैं। इनमें से प्रत्येक इकाई की संस्थापित क्षमता 12.7 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एलएमटीपीए) है। ये इकाइयां अत्यधिक ऊर्जा कार्यकुशल हैं क्योंकि ये अद्यतन प्रौद्योगिकी पर आधारित हैं। अत:, इन इकाइयों ने मिलकर यूरिया उत्पादन क्षमता में 76.2 एलएमटीपीए की वृद्धि की है जिससे वर्ष 2014-15 के दौरान की 207.54 एलएमटीपीए की कुल स्वदेशी यूरिया उत्पादन क्षमता (पुनर्आकलित क्षमता, आरएसी) बढ़कर वर्तमान में 283.74 एलएमटीपीए हो गई है।

******

**अनुलग्नक-I**

**दिनांक 13.12.2024 को दिए जाने वाले लोक सभा के अतारांकित प्रश्न सं.3171 के उत्तर के भाग (क) से (घ) में उल्लिखित अनुलग्नक**

# उत्तर प्रदेश के लिए यूरिया की स्थिति

## I. रबी 2024-25 (09.12.2024 तक) और खरीफ 2024:

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | (मात्रा एलएमटी में) |
| क्र.सं. | मौसम वार | मौसमी आवश्यकता | यथानुपतिक आवश्यकता | उपलब्धता | डीबीटी बिक्री | अंतिम स्टॉक |
| 1 | रबी 2024-25 (09.12.2024 तक) | 39.00 | 14.90 | 26.50 | 12.01 | 14.49 |
| 2 | खरीफ 2024 | 38.00 | 38.00 | 52.50 | 39.00 | 13.50 |
| *सहज उपलब्धता का प्राथमिक संकेतक: उपलब्धता>आवश्यकता | | | | | | |
| ** सहज उपलब्धता का द्वितीयक संकेतक: उपलब्धता>बिक्री | | | | | | |

## II. पिछले तीन वर्षों के लिए यूरिया की स्थिति:

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | (मात्रा एलएमटी में) |
| क्र.सं. | वर्ष | आवश्यकता | उपलब्धता | डीबीटी बिक्री | अंतिम स्टॉक |
| 1 | 2023-24 | 76.15 | 91.83 | 74.53 | 17.30 |
| 2 | 2022-23 | 77.50 | 87.39 | 74.72 | 12.67 |
| 3 | 2021-22 | 78.00 | 82.30 | 71.12 | 11.18 |
| *सहज उपलब्धता का प्राथमिक संकेतक: उपलब्धता>आवश्यकता | | | | | |
| ** सहज उपलब्धता का द्वितीयक संकेतक: उपलब्धता>बिक्री | | | | | |

**अनुलग्नक-।।**

**दिनांक 13.12.2024 को दिए जाने वाले लोक सभा के अतारांकित प्रश्न सं.3171 के उत्तर के भाग (क) से (घ) में उल्लिखित अनुलग्नक**

| क्र.सं. | संयंत्रों के नाम | स्थान |
|---|---|---|
| **सार्वजनिक क्षेत्र** | | |
| 1 | नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल):-नांगल | पंजाब |
| 2 | नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल): भटिण्डा | पंजाब |
| 3 | नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल): पानीपत | हरियाणा |
| 4 | नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) विजयपुर-। | मध्य प्रदेश |
| 5 | नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) विजयपुर-।। | मध्य प्रदेश |
| 6 | राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफ):ट्राम्बे -V | महाराष्ट्र |
| 7 | राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफ):थल | महाराष्ट्र |
| 8 | मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एमएफएल)-मणलि | तमिलनाडु |
| 9 | ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर्स कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीवीएफसीएल):नामरूप-।। | असम |
| 10 | ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर्स कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीवीएफसीएल):नामरूप-III | असम |
| **संयुक्त उद्यम** | | |
| 11 | रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (आरएफसीएल) | रामागुंडम |
| 12 | हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड: गोरखपुर | उत्तर प्रदेश |
| 13 | हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड: सिंदरी | उत्तराखंड |
| 14 | हिंदुस्तान उर्वरक एण्ड रसायन लिमिटेड: बरौनी | बिहार |
| **कॉर्पोरेट क्षेत्र** | | |
| 15 | इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव (इफको): कलोल | गुजरात |
| 16 | इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव (इफको): फूलपुर | उत्तर प्रदेश |
| 17 | इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव (इफको): फूलपुर एक्स | उत्तर प्रदेश |
| 18 | इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव (इफको): आंवला | उत्तर प्रदेश |
| 19 | इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव (इफको): आंवला एक्स | उत्तर प्रदेश |
| 20 | कृषक भारती कॉपरेटिव (कृभको): हजीरा | गुजरात |
| **निजी क्षेत्र** | | |
| 21 | गुजरात स्टेट फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (जीएसएफसी): वडोदरा | गुजरात |
| 22 | श्रीराम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (एसएफसी): कोटा | राजस्थान |
| 23 | कानपुर फर्टिलाइजर्स एंड सीमेंट लिमिटेड (केएफसीएल): पनकी | उत्तर प्रदेश |
| 24 | ज़ुआरी एग्रो केमिकल्स लिमिटेड (जेडएसीएल): गोवा | गोवा |
| 25 | सदर्न पेट्रोकेमिकल्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड (स्पिक): तूतीकोरिन | तमिलनाडु |
| 26 | मंगलौर केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एमसीएफएल): मैंगलोर | कर्नाटक |
| 27 | गुजरात नर्मदा वैली फर्टिलाइजर्स कंपनी लिमिटेड (जीएनवीएफसी): भरूच | गुजरात |
| 28 | नागार्जुन फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (एनएफसीएल): काकीनाडा | हैदराबाद |
| 29 | नागार्जुन फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (एनएफसीएल): काकीनाडा एक्स | हैदराबाद |
| 30 | ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड/इंडोरामा इंडस्ट्रीज लिमिटेड: जगदीशपुर | उत्तर प्रदेश |
| 31 | चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (सीएफसीएल): गढ़ेपान-I | राजस्थान |
| 32 | चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (सीएफसीएल): गढ़ेपान-II | राजस्थान |
| 33 | चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (सीएफसीएल): गढ़ेपान-III | राजस्थान |
| 34 | यारा फर्टिलाइजर्स इंडिया प्रा. लिमिटेड/टीसीएल: बबराला | उत्तर प्रदेश |
| 35 | कृभको फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (केएफएल): शाजहांपुर | उत्तर प्रदेश |
| 36 | मेटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड, पानागढ़ | पश्चिम बंगाल |

*****